# जयपुर मेट्रो को जल्द ही सांगानेर एयरपोर्ट से जोड़ने की कवायद

## नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने ली अफसरों की बैठक

**जयपुर** (कासं)। जयपुर मेट्रो के फेज 2 की डीपीआर अपडेशन, अन्य संभावित मार्गों पर मेट्रो संचालन की संभावना तलाशने, चयनित रास्तों की डीपीआर तैयार करने पर सोमवार को नगरीय विकास विभाग की बैठक हुई।

प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने अफसरों

> ■ **वैभव गालरिया ने कहा कि, ''जयपुर एयरपोर्ट पर हर माह हजारों यात्री आते हैं, विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल 1 पर। इसलिए यह महत्त्वपूर्ण है कि सांगानेर एयरपोर्ट मेट्रो के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर अतिशीघ्र काम शुरू किया जाए।''**

से कहा कि मेट्रो संचालन के लिए संभावित नए मार्ग तलाश कर जल्द कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट पर हर माह हजारों की संख्या में यात्री आते हैं, विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय टर्मिनल 1 पर। इसलिए यह बहुत महत्त्वपूर्ण है की जयपुर एयरपोर्ट मेट्रो के लिए प्रभावी कार्ययोजना बना अतिशीघ्र काम शुरू किया जाए।

गालरिया ने कहा कि जयपुरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता पर है। इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो को देशभर में मॉडल मेट्रो के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिए की इस प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आंकलन किया जाएं, ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग हो सके, साथ ही सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्ता एवं दिए गए समय सीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण किए जाए ताकि आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जा सके। गालरिया ने कहा कि जेडीए द्वारा जो कार्य प्रस्तावित है, उनका जयपुर मेट्रो के साथ समन्वय किया जाए। इस बैठक में जेडीए आयुक्त आनंदी, जेएमआरसी प्रोजेक्ट डायरेक्टर अखिलेश सक्सेना, डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर महेश भूराड़िया, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



जयपुर मेट्रो के विस्तार के लिए नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सोमवार को अफसरों बैठक ली।

## पतंग लूटने के चक्कर द्रव्यवती नदी में डूबा बच्चा

**जयपुर**। श्याम नगर इलाके में पतंग लूटने के चक्कर में सोमवार को एक 10 वर्षीय बालक द्रव्यवती नदी में गिर गया और पानी में डूब गया। बच्चे को पानी में डूबता देख राहगीरों ने पानी में छलांग लगाकर उसे बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचनामा तैयार कर मामले की जानकारी बच्चे को परिजनों को दी। बताया जा रहा है कि न्यू सांगानेरी रोड,गुर्जर की थड़ी, कच्ची बस्ती निवासी मृतक दीपक राणा (10) सोमवार को पतंग लूटते समय द्रव्यवति नदी में गिर गया। इसी दौरान बच्चे के साथ मौजूद उसके अन्य सहपाठियों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। स्थानीय निवासी मुकेश पाठक ने बच्चों की आवाज सुन द्रव्यवती नदी में छलांग लगाकर दीपक राणा को बाहर निकाला और निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चश्मे वितरित

**जयपुर**। श्रीमती कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हीरापुरा, जयपुर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में छात्र-छात्राओं को 204 चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए। चंद प्रकाश संतोष मेहरा पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट, रेज़ आशा की एक किरण संस्था, और रघु दीप हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से शिविर लगाया गया था।

# 'जयपुर में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए हर संभव प्रयास होगा'

**जयपुर** (कासं)। जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग शुक्रवार को हुई दुर्घटना जैसे हादसों पर लगाम लगाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राजस्थान के सभी संबंधित विभाग रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

कलक्टर व अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अधिकारियों को जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, अन्य सभी सड़कों पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

कलक्टर एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 200 फुट पुलिया से बगरू टोल एवं जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों के समस्त राष्ट्रीय,राज्य राजमार्गों के मध्य स्थित समस्त कट एवं जिले में अवस्थिति अन्य समस्त सड़कों के संचालन हेतु निर्धारित सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।। समस्त विभाग समन्वय स्थापित कर जिला सड़क सुरक्षा योजना तैयार करेंगे एवं दुर्घटना के संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर रोड सेफ्टी प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करवाएंगे। इसके साथ ही, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर पर्याप्त संख्या में एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी एवं जिले का

> ■ **जिले में इमरजेंसी मेडिकल प्लान भी तैयार करेंगे : सोनी**

इमरजेंसी मेडिकल प्लान भी तैयार करेंगे।

सड़कों पर नवीनतम स्पीड लिमिट, यू-टर्न, चिकित्सा सेवा हेतु आपातकालीन नम्बर (1033 एवं 108) एवं अन्य संकेतक लगाया जाना, रम्बल्ड स्ट्रिप्स, कैश बैरियर, कैट्स आई लगवाया जाना, लोकल ट्रैफिक एवं अवैध पार्किंग को चिन्हित कर चेतावनी साइन बोर्ड स्थापित किये जाने, घुमावों पर धीमी गति से चलने के सूचना संकेतक बोर्ड लगाया जाना, यातायात सिग्नल के ऑटोमेटिक सिंक्रोनाइज की व्यवस्था, सड़कों पर लेन सिस्टम की पालना, बोटल नेक स्थानों का चयन कर सुधार, वाहन चालकों को मार्ग की जानकारी हेतु सभी प्रमुख मार्गों पर वीएमएस की स्थापना, आई रेड/ई-डार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं का डिजीटल संधारण सुनिश्चित किया जाएगा।

वहीं, जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिले के समस्त राष्ट्रीय, राज्य राजमार्गों एवं अन्य समस्त सड़कों पर स्थित कट्स पर क्लोवर लीफ, अंडरपास, फ्लाईओवर निर्माण के समय सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल की अक्षरशः पालना हो तथा तकनीकी टीम से सर्वे करा नवीन क्लोवर लीफ,पलाई ओवर, अंडरपास बनाने संबंधी सक्षम स्तर से नीतिगत निर्णय करवा कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, रोड क्षितग्रस्त होने पर पुनः निर्माण, मरम्मत के साथ निर्माणाधीन फ्लाईओवर के दोनों ओर की सर्विस लेन की मरम्मत करवाई जाएगी ताकि जाम की समस्या को कम किया जा सकता है।

आगरा रोड पर रिंग रोड से आगरा की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग, अजमेर रोड पर रिंग रोड के लिये जाने वाले ट्रैफिक एवं अन्य समस्त प्रकार के राष्ट्रीय, राज्य राजमार्गों एवं अन्य सड़कों पर स्थित कट्स, ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। समस्त राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों, अन्य समस्त सड़कों के मिडियन, सर्विस लेन, किनारों की झाड़ियों की नियमित रूप से कटाई करवाया जाना, रोड साइड अनाधिकृत अतिक्रमणों को हटवाया जाना, सड़क निर्माण के समय वेस्ट मैटेरियल रोड पर नहीं डालना, सड़क निर्माण के समय सेफ्टी प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना, रोड पेंटिंग, लाईटिंग, ड्रेनेज एवं बेसहारा पशु जो रोड पर विचरण करते हैं, उनसे संबंधित सभी व्यवस्थाएं करवाएंगे। ट्रैफिक सिग्नल की पालना नहीं करने, ओवर स्पीडिंग, गलत ओवरटेकिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वालों, नशे में वाहन चलाने वालों अनाधिकृत पार्किंग करने वालों पर ठोस कार्रवाई होगी।

## राजेन्द्र मोहन शर्मा होंगे पुरस्कृत



**जयपुर**। साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग, भोपाल द्वारा अखिल भारतीय एवं प्रादेशिक कृति पुरस्कार कैलेण्डर वर्ष 2022 एवं कैलेण्डर वर्ष 2023 के पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। अखिल भारतीय उपन्यास कृति पुरस्कार रुपये 1 लाख जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र मोहन शर्मा को उनके सुप्रसिद्ध उपन्यास महात्मा विदुर को प्रदान किया गया है। एक लाख रु. की इस पुरस्कार राशि के साथ शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति के साथ रचनाकार शर्मा को अलंकृत भी किया जाएगा। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि पुरस्कार समारोह भोपाल में आयोजित होगा जहां राजेन्द्र मोहन शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

# एक करोड़ से अधिक लोग सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित : पंत

**जयपुर**। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि सामाजिक न्याय-अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से एक करोड़ से अधिक लाभार्थीलाभांवित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमनें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं में न्यूनतम पेंशन राशि में बढ़ोतरी कर पेंशन 1150 रुपए की है। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन अब ग्राम सभा स्तर पर किया जा रहा है, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलता रहे।

पंत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की समीक्षा के लिए राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर में पांच राज्यों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सिलिकोसिस योजना के तहत हमनें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग किया है, जिसके लिए हमें ई गवर्नेंस के लिए केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक फ़िक्स बजट आवंटित किया जाता है। राज्य सरकारों को योजनाओं का क्रियान्वयन करना होता है। क्रियान्वयन की प्रक्रिया में कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त केंद्र की तुलना में राज्य सरकार अधिक बजट वहन करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से समय पर बजट आवंटन का आग्रह किया ताकि योजनाओं का संचालन बेहतर तरीके से किया जा सके और लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

पंत ने आश्वस्त किया कि योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से समय पर बजट का आवंटन होता रहे ताकि लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलता रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय सचिव अमित यादव ने कहा कि केंद्र सरकार अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आशा करते है कि आने वाले समय में देश विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होंगा।

उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित योजनाओं की केवल समीक्षा करना नहीं है, बल्कि उनके संचालन में राज्यों को आ रही समस्याओं का समाधान करना और उनका त्वरित क्रियान्वयन कराना है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने अतिथियों का स्वागत किया और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने सामाजिक सुरक्षा में निवेश किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के संचालन में राजस्थान अग्रणी राज्यों शामिल है और हम वर्तमान में लगभग 90 लाख पेंशनर्स को लाभान्वित कर रहे है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की अनूठी पालनहार योजना में 6 लाख से अधिक लाभार्थी है।

बैठक में केंद्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति के लिए पूर्व-मैट्रिक और उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, पीएम-यशस्वी स्कीम, डीएनटीज़ के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए योजना, नमस्ते योजना, एनएपीडीडीआर, अटल वायु अभ्युदय योजना की समीक्षा की।




सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक सोमवार को आयोजित हुई।

## गौवंश में अंधता निवारण पर चर्चा

**जयपुर**। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के मार्गदर्शन एवं शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अनुशंसा पर गौ वंश में अंधता निवारण के लिए विभिन्न स्तर के प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में सोमवार को सांगानेर स्थित पिंजरापोल गौशाला में ''गौवंश में अंधता निवारण एक पुनीत अभियान'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन निदेशालय गोपालन एवं राजस्थान गौसेवा आयोग जयपुर के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के पशु नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ सुरेश कुमार झिरवाल थे। डॉ. झिरवाल ने कार्यशाला में उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं गौशाला प्रबंधकों के साथ विभिन्न नेत्र रोगों पर विस्तार से चर्चा कर उनकी शंकाओं का समाधान किया।

पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं गौशाला प्रबंधकों ने अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं तथा रोगों के निवारण के संबंध में डॉ झिरवाल से सुझाव प्राप्त किया। संभागियों ने भविष्य में ऐसी कार्यशालाओं को निरंतर रूप से जारी रखने तथा इनकी अवधि तीन या पांच दिन करने का सुझाव दिया। काय्रशाला में गोपालन विभाग और गौसेवा आयोग के अधिकारियों ने संभागियों को गोपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी।

## सार-समाचार

### ''इलेक्रामा'' शो 22 से 26 फरवरी तक




**जयपुर**। ''इलेक्रामा 2025'' के लिए 19 शहरों के रोड शो की एक सीरिज का शानदार समापन जयपुर में हुआ। इस कार्यक्रम में भारत के इलेक्ट्रिकल और संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निर्माता और हितधारक शामिल हुए और इस क्षेत्र के विकास का जश्न मनाया गया। इस दौरान, इलेक्रामा 2025 के विजन को दिखाया गया, जो 22-26 फरवरी, 2025 को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने वाला है। आईईईएमए, इलेक्रामा 2025 प्रजेंट करने के लिए तैयारी जोर-शोर से कर रहा है। आगामी संस्करण में 1100 से अधिक प्रदर्शक, 4 लाख व्यावसायिक मेहमान उपस्थित होंगे। इसमें 15000 से अधिक बी2बी बैठकें होंगी, जिसमें 80 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 600 से अधिक मेज़बान खरीदार और 10 से अधिक देशों के मंडप शामिल हैं। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से परिवर्तन और सतत विकास का केंद्र बन रहा है। प्रदेश का ऊर्जा क्षेत्र आत्मनिर्भर और विद्युतीकृत भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इलेक्रामा जैसे मंच इस लक्ष्य को पूरा करने में मददगार हैं। राजस्थान ऐसे प्रयासों का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता है। जयपुर रोड शो में बोलते हुए, आईईईएमए के अध्यक्ष सुनील सिंघवी ने कहा कि पिछले छह महीनों में, इलेक्रामा 2025 की रोड शो श्रृंखला पूरे देश में गयी। इसमें उद्योग पेशेवरों, नीति निर्माताओं और इनोवेटर्स के साथ मिलकर भारत को विद्युत और संबद्ध प्रौद्योगिकियों के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा दिया है। इस मौके पर विक्रम गंडोत्रा, अध्यक्ष-निर्वाचित और चेयरमैन, आईईईएमए के उपाध्यक्ष और इलेक्रामा के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ भूतोरिया, आईईईएमए के आईपीपी हमजा अर्सिवाला, आईईईएमए के नार्थ चेयरमैन आलोक अग्रवाल मौजूद थे।

### जाजू अध्यक्ष व कालानी सहअध्यक्ष बने



मोहित जाजू और राहुल कालानी

**जयपुर**। यंग इंडियन्स (वाईआई) का जयपुर चैप्टर जो कि भारतीय उद्योग परिसंघ का एक अभिन्न अंग है, ने अपने नए पदाधिकारियों की आज घोषणा कि जो चैप्टर की गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बैठक में मोहित जाजू को अध्यक्ष और राहुल कालानी को सह अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में जाजू व कालानी ने जयपुर चैप्टर के समावेशी विकास से संबंधित अपने विचार साझा किये। ज्ञात रहे कि शुभाशीष ग्रुप के कार्यकारी निदेशक और सीईओ श्री मोहित जाजू विविध पृष्ठभूमि वाले एक गतिशील लीडर हैं। वहीं राहुल कलानी ने साइमन बिजनेस स्कूल, रोचेस्टर विश्वविद्यालय से प्रबंधन में मास्टर ऑफ साइंस पूरा किया और वर्तमान में पिछले 12 वर्षों से फॉर्च्यून 500 कंपनियों के लिए वाणिज्यिक कैरीइंग और फॉरवर्डिंग, रीपैकेजिंग और परिवहन के क्षेत्र में कार्यरत हैं।

### 12वीं वार्षिक फोटो एग्जीबिशन संपन्न

**जयपुर**। जयपुर फोटोग्राफर्स क्लब (जेपीसी) की 12वीं वार्षिक फोटो एग्जीबिशन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। एग्जीबिशन जवाहर कला केंद्र, जयपुर की चतुर्दिक आर्ट गैलरी में आयोजित हुई। समारोह में फोटोग्राफी में उत्कृष्टता के लिए विजेताओं, उपविजेताओं और प्रतिभागी फोटोग्राफर्स को सम्मानित किया गया। विजेताओं को रामचंद खुबानी द्वारा माया खुबानी स्मृति अवॉर्ड्स से नवाजा गया। इन पुरस्कारों में 15 हजार की पुरस्कार राशि भी शामिल थी। इस वर्ष प्रथम पुरस्कार कोलकाता के गोतम मैती ने और द्वितीय पुरस्कार बैंगलोर के प्रकाश कुलकर्णी ने जीता। अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, जेपीसी मेडलियन, जेपीसी लुक बुक और जेपीसी गुडी बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में नागालैंड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुक्त एवं सचिव, अनूप खिंची मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस वर्ष की एग्जीबिशन में 215 फोटोग्राफ्स प्रदर्शित किए गए, जो 107 फोटोग्राफरों द्वारा लिए गए थे। ये फोटोग्राफर 6 देशों, 75 शहरों और 28 राज्यों से थे।

### बीएन ग्रुप का 'रखो इरादे फ्रेश' कैंपेन

**जयपुर**। बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन, ''रखो इरादे फ्रेश'' लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं, जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है। इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांच-सितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्मान है। यह जानकारी किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप ने दी है।

## जे.जे.एस. में चार दिनों में पहुंचे 50 हजार लोग

**जयपुर**। जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित चार दिवसीय द दिसंबर शो - जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) का 20वां संस्करण सोमवार को शानदार सामरोह के साथ समापन हुआ। शो में लगभग 50 हजार विजिटर्स ने शिरकत की। आयोजकों के लिए यह विशेष रूप से प्रसन्नता का कारण था कि शो ने न केवल भारतीय बाजार को बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही, शो ने स्थानीय कला और शिल्प को प्रमोट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे जयपुर की पारंपरिक और समकालीन ज्वैलरी डिजाइनों को वैश्विक मंच पर पहचान मिली।

जेजेएस चेयरमैन, विमल चंद सुराणा ने कहा कि जयपुर ज्वैलरी शो इस वर्ष वाकई नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इस बार के शो में न सिर्फ अब तक के सबसे अधिक बूथ लगाए गए हैं, बल्कि खरीदारों की रिकॉर्ड संख्या भी दर्ज की गई है। यह एग्जीबिटर्स के साथ-साथ बायर्स के लिए भी एक उल्लेखनीय मंच बना हुआ है, जो इस शो से जुड़े सभी लोगों के लिए बेहतरीन व्यावसायिक अवसर सुनिश्चित करता है।

जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने कहा कि जेजेएस के इस संस्करण के चार दिनों में करीब 50 हजार लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। इनमें 7915 बाहरी और 593 अंतरराष्ट्रीय रजिस्ट्रेशन शामिल थे। हांगकांग, अमेरिका, रूस, आर्मेनिया, जॉर्जिया, यूएई, कजाकिस्तान, तुर्का व उज्बेकिस्तान सहित विश्व भर से आए खरीदारों की मौजूदगी ने इस आयोजन को और व्यापक व बेहतर बना दिया है, जिससे जयपुर की स्थिति ज्वैलरी के बेहतरीन केंद्र के रूप में और अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि जेजेएस का आगामी संस्करण 19 से 22 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जेजेएस प्रवक्ता अजय काला ने समापन समारोह का संचालन किया। उन्होंने कहा कि इस बार जेजेएस व्यवसाय के साथ-साथ प्रबंधन की दृष्टि से भी अब तक का सबसे बेहतरीन शो रहा है। व्यवसाय की दृष्टि से यह सबसे व्यापक और उपयोगी शो रहा। उन्होंने शो की सफलता के लिए सभी प्रदर्शकों, विक्रेताओं और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में वेंडर्स को उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह दिए गए।




## सक्सेना ने सुनाए कई बेहतरीन तराने

**जयपुर**। शहर के सुरीले फनकार केपी सक्सेना (पूर्व जज) ने खुदा के नूर गायक मो.रफी के बेहतरीन नगमों की सुरीली प्रस्तुति देकर बड़ी तादाद में मौजूद श्रोताओं के दिलों को छू लिया। मौका था जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में संगीत साधना एंड अलंकार की ओर से संजोई मेरी आवाज सुनो...सांस्कृतिक संध्या का। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई संगीत दीवानों ने मशहूर गायक मो.रफी के गाए तरानों को अपनी आवाज में पेश किया। इन संगीत दीवानों में पूर्व जज समेत डॉक्टर्स व अन्य क्षेत्रों के कलाकार शामिल रहे। इससे पहले कार्यक्रम की मुख्य अतिथि टिम्मी कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कलाकार केपी सक्सेना ने ओ मेरी शाहे खूबा..., ये परदा हटा दो...,दो सितारों का जमीं पर है मिलन..., जैसे गीतों से संगीत की मेलॉडी घोल दी।

## डॉ. राजेश व्यास होंगे पुरस्कृत

**जयपुर**। सुप्रसिद्ध लेखक डॉ. राजेश कुमार व्यास को उनकी कृति 'कलाओं की अंतर्दृष्टि' पर वर्ष 2023 का अखिल भारतीय आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार दिए जाने की घोषणा हुई है। यह पुरस्कार मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डा. विकास दवे के अनुसार इस राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत डॉ. व्यास को एक लाख रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। केन्द्रीय साहित्य अकादेमी के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित साहित्यकार डॉ. व्यास की पुस्तक 'कलाओं की अंतर्दृष्टि' पश्चिम प्रेरित मान्यताओं की बजाय भारतीय संस्कृति से जुड़ी मौलिक अवधारणाओं पर आधारित है। व्यास ने इसमें अपनी गहरी और संपन्न साहित्य और संस्कृति से जुड़ी दृष्टि में भारतीयता की मौलिक स्थापनाएं की है। व्यास देश के जाने-माने कवि, संस्कृतिकर्मी, आलोचक और यात्रा वृतांतकार हैं। कविता, यात्रा वृतांत, निबंध और आलोचना की उनकी 25 मौलिक कृतियां प्रकाशित हैं। उन्हें राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादेमी का सर्वोच्च शिखर अवार्ड, भारत सरकार का प्रतिष्ठित 'राहुल सांकृत्यायन अवार्ड', राजस्थान सरकार द्वारा हिंदी सेवी अवार्ड से नवाजा जा चुका है।



# गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगाने वाले 7 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सदर थाना इलाके में गत दिनों पहले गाड़ियों में तोड़फोड़ कर आग लगाने वाले सात बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनकी इलाके में परेड करवाई। जानकारी के अनुसार पकड़े गए सभी सात बदमाशों को फटे हाल इलाके में घुमाया गया। इनमें से एक बदमाश हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा है। जिसके घर के बाहर कुछ दिन पहले बदमाशों ने फायरिंग की थी। फायरिंग का बदला लेने के लिए ही राहुल ने दूसरी गैंग के लोगों के घर के बाहर गाड़ियों में तोड़फोड़ करवाई साथ ही पुलिस ने आरोपितो के पास से वारदात में प्रयुक्त चार वाहन सहित पाईप और सरिए बरामद किए है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सदर थाना इलाके में स्थित हसनपुरा के रहने वाले मोहम्मद शरीफ कुरैशी और रुपेंद्र कुमार ने थाने में मामल दर्ज करवाया था कि थाना क्षेत्र के मेहरों का मोहल्ला, धोबियों का चौक हसनपुरा ए और राजीव नगर हसनपुरा में रात के समय खड़े करीब 15-20 वाहनों ने तोड़फोड़ की गई। कारों में लाठी, पाइप और सरिए से तोड़फोड़ की गई और क्षतिग्रस्त कर कुछ वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया।

पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज पड़ताल करते हुए हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा पुत्र



हसनपुरा इलाके में पिछले दिनों कारों के शीशे तोड़ने वाले बदमाशों को पुलिस ने दबोचा।

> ■ **हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के घर पर फायरिंग की घटना का बदला लेने के लिए दूसरी गैंग के लोगों के घर के बाहर की थी तोड़फोड़**

(49) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर, मोहम्मद इमरान (33) निवासी शास्त्री नगर जयपुर,मोहम्मद आफताब उर्फ बंटी (24) निवासी भट्टा बस्ती जयपुर,फरमान (26) निवासी राजीव नगर सदर जयपुर , शोएब (19) निवासी संजय नगर भट्टा बस्ती, जयपुर, सोहिल (22) निवासी मेहनत नगर सोडाला जयपुर और अब्दुल वहीद उर्फ बल्लू (32) निवासी राजीव नगर सदर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही इनके पास से लोहे की रॉड और सरिए बरामद किए। वहीं हसनपुरा इलाके में बदमाशों की परेड कराई। पुलिस जांच सामने आया है कि वाहनों में तोड़फोउ. की शुरुआत मोहम्मद शरीफ और हसनपुरा के बदमाश मुजम्मिल मिर्जा के घर के सामने से हुई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए जांच की गई। जांच में सामने आया कि बदमाश मुजम्मिल ने 27 सितंबर 2024 को वसीम अहमद नाम के बदमाश की कार में आग लगा दी थी। घटना शास्त्री नगर के व्यास कॉलोनी की थी। इसके बाद मुजम्मिल के जीजा अकरम (सदर पुलिस थाना का हिस्ट्रीशीटर), बदमाश कुलदीप गहलोत, हनी टाइगर और इनके साथियों ने हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा के सिंधी कॉलोनी स्थित घर पर 29 नवंबर को फायरिंग की थी। राहुल नंदा की मां अरुण देवी ने जवाहर नगर थाने में एफआईआर कराई थी। इसमें मुजम्मिल मिर्जा का भी नाम था। पुलिस जांच में सामने आया है कि हिस्ट्रीशीटर राहुल नंदा और वसीम अहमद ने फायरिंग का बदला लेने के लिए मुजम्मिल व अकरम के हसनपुरा ए में स्थित घर पर हमला कराया। हसनपुरा इलाके का बदमाश फरमान पुत्र पप्पू कुरैशी भी शामिल था।